# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार,18 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 श्रीराम भक्तों ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



14 सांग-बाना धारण कर भक्तों ने किया जोत...





## खबर संक्षेप

### पांडुका स्कूल में हुआ न्योता भोज

**पांडुका।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं कन्या प्राथमिक शाला पांडुका में न्योता भोज कराया गया। प्रधान पाठक एमएल तारक ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही कक्षा पहली की छात्रा कुमारी पूर्वी चक्रधारी का स्वास्थ्यगत कारण से आकस्मिक निधन हो गया था। उनके पिता टेमन चक्रधारी द्वारा तेरहवीं के अवसर पर सभी छात्राओं को भोजन कराया गया।

### मुढ़ेना में अखंड रामायण समारोह

**महासमुंद।** पांच दिवसीय अखण्ड रामायण का 63वां वर्ष का आयोजन ग्राम मुढ़ेना में नवीन मानस मंडली व दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित इस समारोह में पुरस्कार भी दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल निषाद, उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष टीकम विश्वकर्मा, सचिव गजानंद निषाद, संरक्षक जीवन लाल निषाद सहित करणसिंह ठाकुर, रामजी निषाद, राधेलाल साहू, रेखाराम साहू, शंकर निषाद, पुनाराम निषाद सहित ग्रामीणजन सहयोग कर रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा थानान्र्गत ग्राम बिराजपाली की एक युवती से शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लिलेश्वर साहू पिता रेवाराम साहू 31 साल ग्राम बिराजपाली निवासी द्वारा प्रार्थियां से शादी कर पत्नी बनाकर रखने का झांसा देकर प्रार्थियां से उसकी इच्छा के विरूद्ध कई बार शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर धमकी दिया जा रहा था। जिस पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 (2) (एन), 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पैसों के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पैसे के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार निहाल तुर्के पिता धर्मेन्द तुर्के 20 साल साकिन वार्ड 22 सुभाष नगर निवासी को बाबू चन्द्राकर साकिन भिलाई एवं गगन साकिन रसनी आरंग ने पैसों के लेनदेन की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट जान से मारने की धमकी दिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### भीम आर्मी ने निकाली आंबेडकर की शोभायात्रा

**महासमुंद।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद के तत्वावधान में संविधान निर्माता व भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के नयापारा से प्रारंभ होकर एकता चौक होते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक पहुंची। जहां भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाबा साहेब के जीवन के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर भीम आर्मी जिला प्रभारी आकाश डोंगरे, गरियाबंद जिला अध्यक्ष रावण सिंह लहरे, भीम आर्मी उपाध्यक्ष सुशील बघेल, जिला महासचिव डोमार सिंग बंजारे, जिला महासचिव द्वारिका कुर्रे, जिला कार्यकारणी गोपाल लहरिया, स्टूडेंट जिला अध्यक्ष विकास जांगड़े, बसना ब्लॉक अध्यक्ष राजराहुल लहरे, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष आकाश बांधे, भागवत कोसरिया, राधिका जांगड़े, तनु कोसरिया समेत बड़ी संख्या में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# महत्वपूर्ण वनोपजः अवैध कटाई से चार वृक्षों के अस्तित्व पर छाया संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला चिरौंजी का वृक्ष इन दिनों अपने अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है। चार का फल पकने के बाद तोड़ा जाता है, लेकिन अधिक आय प्राप्त करने के लिए कई लोग चार के फल पकने से पहले ही पेड़ को ही काटकर चार एकत्र कर रहे हैं। इसके कारण अब चार वृक्ष के अस्तित्व पर संकट आ गया है। मैनपुर चारों ओर से जंगल से घिरा है, मैनपुर से महज दो-तीन किलोमीटर में ही चार वृक्षों की भरमार थी, जो आज गिनती का रह गया है। हालांकि मैनपुर भाठीगढ़ पहाड़ी के नीचे गोबरा मार्ग में आज भी बड़ी संख्या में चार के वृक्ष है, और यहां बच्चे चार फल तोड़ते आसानी से दिख जाते हैं।

## अधिक फल की लालच में चार वृक्ष को ही काट रहे हैं ग्रामीण

### अंधाधुंध कटाई से गहराया संकट

इस सबंध में कुछ ग्रामीणों से चर्चा करने पर त्रिभुवन पटेल, महेन्द्र ठाकुर, जगमोहन नायक, लीलाधर सोरी, भुवन यादव ने बताया पहले ग्रामीण चार फल को पकने के बाद तोड़कर लाते थे और अपने घरों में इसका बीज निकालते थे। लेकिन अधिक कमाई और पैसों के लालच में कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा अब पूरे पेड़ को ही काटा जा रहा है। लगातार हो रही अवैध कटाई से इस पेड़ के अस्तित्व पर ही संकट छा गया है। कुछ वर्षों से गुठली सहित चिरौंजी की खरीदी होने से कच्चे चार तोड़ने लगे हैं। हांलाकि पके चार से ग्रामीणों को दोहरा लाभ मिलता है। इसका उपरी हिस्सा मिठा व खट्टा होता ग्रामीण चाव से खाते है और यह नगर व गांव में आसानी से एक दोना पके हुए चार का फल दस रूपये के हिसाब से बिक्री किया जाता है।



### मिठाई में होता है उपयोग

मैनपुर के होटल व्यावसायी संतोष ध्रुव ने बताया कि चिरौंजी काफी महंगा होने के कारण महंगे मिठाई बनाने में इसका उपयोग किया जाता है। बड़े शहरों में इसकी मांग काफी है और तरह-तरह के मेवा पकवान तथा खीर बनाने में चिरौंजी का उपयोग किया जाता है।

**महंगे दर पर बिकता है चिरौंजी-** खाने में खट्टा-मीठा स्वाद व मेवा के रूप में उपयोग किए जाने वाले चिरौंजी की कीमत काफी उंची दरों पर है। आम आदमी के पहुंच से काफी दूर चिरौंजी मिठाई व तरह-तरह के पकवान बनाने में इसका उपयोग किया जाता है। मैनपुर क्षेत्र के जंगल में भारी चिरौंजी का उत्पादन होता है। जंगल में चारों तरफ चिरौंजी फल इन दिनों पका हुआ लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसे ग्रामीण क्षेत्र के वनवासी एकत्र करते है और सुखाकर बाजार में व्यापारियों या शासन के खरीदी केन्द्रों में बेच देते हैं। इससे लोगों को काफी आमदनी होती है। इन दिनों जंगल में चार चिरौजी बीज एकत्र करने लोग व्यस्त है महुआ के साथ ही चिरौंजी ग्रामीणों के लिए अच्छी आमदनी का जरिया है।

## नवरात्रि : देवी मंदिरों में अष्टमी हवन पर उमड़े श्रद्धालु

# जोत-जंवारा का हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्र के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र के अवसर पर अष्टमी हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति किया गया। पूर्णाहुति के पश्चात कन्या भोज कराया गया। ज्ञात हो कि कई जगहों पर अष्टमी को व नवमी के दिन कन्या भोज हुआ। जिसमें उत्साह के साथ देवी भक्तों ने भाग लिया। 9 अप्रैल से जारी नवरात्र पर लोगों ने देवी मंदिरों में मनोकामना के अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कराया था। जिसके दर्शनार्थ हजारों की संख्या में लोग रानी मां केरापानी, गरजाई, अंजनी आश्रम, टेगनाही, गायत्री मंदिर पर दर्शनार्थ पहुंचते रहे। रानी मां



केरापानी में अष्टमी को हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति कर माह आरती किया गया।नौ कन्याओं को खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी परोस कर भोजन कराया गया। ग्राम कुडेरादादर में ओमप्रकाश दीवान के घर में स्थापित जोत जंवारा का अष्टमी को हवन पूजन कर कन्या भोज कर पूर्णाहुति के साथ दूसरे दिन घरों से बाजे गाजे के साथ विसर्जन किया गया, जिसमें काफी लोगों ने जंवारा का दर्शन किया। वहीं गायत्री मंदिर में रामनवमी को मंत्रोच्चार के साथ गायत्री परिवार देवी देवताओं का आह्वान किया गया। और हवन कुंड पर सांखला डालकर माता की विशेष आरती कर पूर्णाहुति किया गया। विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने माता रानी से अपने व घर परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की।





### श्रद्धा-भक्ति के साथ किया जंवारा विसर्जन

**मैनपुर।** चैत्र नवरात्र के दुर्गा अष्टमी पर हुए हवन-पूजन के पश्चात बुधवार सुबह से जंवारा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। वन विभाग परिसर स्थित दुर्गा मंदिर से सुबह 7 बजे पूरे विधि विधान के साथ सिर में कलश व जंवारा लेकर शोभायात्रा निकाली गई, जो हरदीभाठा तालाब में पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात जंवारा विसर्जन किया गया। वहीं नौकन्या पूजा व भोज का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़, मैनपुर कला, शोभा, गोना, गौरगांव, कुंचेगा, तौरेंगा, भगवती मंदिर, मां बम्लेश्वरी मंदिर, जिड़ार, गौरघाट, में जंवारा विसर्जन किया गया। मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर श्रध्दाभक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया गया, साथ ही कन्याभोज, महाभंडारा कर प्रसाद वितरण किया गया।





### शीतला तालाब में हुआ जंवारा विसर्जन

**नवापारा-राजिम।** बुधवार को जंवारा विसर्जन के लिए माता के भक्त ढोल-मंजिरा के साथ जसगीत गाते हुए शीतला तालाब पहुंचे। भीषण गर्मी और तेज धूप के बाद भी माता के भक्त नंगे पैर जंवारा विसर्जन के लिए निकलते रहे। सुबह से विसर्जन का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर बाद तक चलता रहा। इस दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों से जंवारा विसर्जन जुलूस निकलता रहा। विसर्जन के दौरान माता सेवा एवं जसगीत गाते, ढोल-मंजीरों के साथ एक तरफ जहां सेवक झूप रहे थे, तो दूसरी ओर सिर पे जंवारा लिए युवतियों-महिलाओं की टोली कतारबद्ध होकर चल रही थी। पूरा दृश्य भक्तिमय नजर आ रहा था। जंवारा विसर्जन में पूरा शहर उमड़ पड़ा था। महिलाएं ज्योति कलश और जंवारा लिये चल रही थी।



# चार-चिरौंजी का उत्पादन घटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

मलेवा अंचल के वनांचल क्षेत्र में चार चिरौंजी गुठली बाजार में आने लगी है। चार को अपने ठिकरा भांटा व जंगल में जाकर पेड़ से तोड़ कर लाते हैं और रातभर पानी में भिगोकर इसकी गुठली बनाईं जाती है। तब जाकर के चार गुठली बनता है। जिसे एकत्रित करने के लिए मुढीपानी के आश्रित ग्राम टेगसुरीपारा के रहवासी बिझो बाई मांझी अपने भर्री में लगे चार के पेड़ के पास पालिथीन बिछाकर चार चिरोंजी इक्ट्ठा कर रही थी। उन्होंने बताया कि हमारे भर्री में 3 से 5 पेड़ चार है। घर वाले पेड़ पर चढ़ कर पके हुए चार को तोड़ते हैं मैं उसे इक्ट्ठा कर रही हूं। जहां दिनभर चार चिरोंजी को एकत्रित कर शाम को घर जाऊंगी। वहीं वनोपज व्यापारी हरिहरदेव यादव, झवर अग्रवाल, पन्ना लाल साहू ने बताया कि इस बार चार गुठली 270 रूपए की दर से खरीदी की जा रही है और

- बेमौसम बारिश से कृषि के साथ वनोपज प्रभावित



इमली को 30 रूपए और महुआ 45 रूपए प्रति किलो ग्राम की दर से खरीद रहे हैं। चार, चिरोंजी, गुठली, इमली और महुआ बाजार में आ रही है। बाकी वनोपज भी कुछ समय बाद आने लगेगा। लेकिन इस बार चार चिरोंजी गुठली की फसल में कमी आई है। जिस कारण चार चिरोंजी बाजार में कम आ रहा है। हर महीना पानी गिरने के कारण चार चिरोंजी इमली महुआ की फसल बर्बाद हो चुका है। जिससे लोगों को इस बार आमदनी नहीं हो रही है। वनांचल क्षेत्र के रहवासी भी चार चिरोंजी, इमली, महुआ की फसल अच्छी नहीं होने से मायूस है।

# मुख्यमंत्री साय 21 को फिंगेश्वर में करेंगे जनसभा को संबोधित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

महासमुंद लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्यासी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने 21 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजिम विधानसभा के फिंगेश्वर पहुंच रहे हैं। इसके पूर्व बुधवार को हेलीपेड, सभास्थल का निरीक्षण करने पुलिस के आला अफसर पहुंचे थे।

विशाल सभा को लेकर भाजपा के नेताओं सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने फिंगेश्वर पहुंचकर कॉलेज मैदान पर हेलीपैड तथा जनसभा हेतु स्थल का चयन किया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के फिंगेश्वर प्रथम आगमन होने पर उनका भव्य स्वागत किया जावेगा।

निरीक्षण में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव उपाध्यक्ष अशोक साहू, युवा नेता प्रेमलाल टोडर सहित पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग सहित बड़े अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार मेटाडोर पेड़ से टकरा कर पलटा, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में बुधवार दोपहर 2 बजे के आसपास मैनपुर की ओर से जा रही मेटाडोर क्रमांक सी.जी.04 जीसी 3051 तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई और पेड़ से जा टकराया। हादसे में मेटाडोर के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन चालक तथा परिचालक केबिन में फंस गए। जिसे मैनपुर के तरफ से देवभोग की ओर जा रहे भाजपा युवा मोर्चा मैनपुर अध्यक्ष महेश कश्यप एवं अन्य राहगीर आरईएस विभाग के एसडीओ गुप्तेश्वर साहू, नरेश सोनवानी, मानसिंह निर्मलकर आदि लोगों ने वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला और संजीवनी वाहन 108 को फोन कर अस्पताल भेजा।यह घटना आज दोपहर 2 बजे के आसपास धुरवागुडी और बुडगेलटप्पा के आसपास हुआ है। वाहन चालक भोजराम और परिचालक मोंटू दुर्घटना में घायल हो गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

- वाहन के केबिन में फंसे चालक और परिचालक को राहगीरों ने निकाला

## जनपद सीईओ के नेतृत्व में अभियान

# संकल्प बैंड बांधकर लोगों को किया मतदान के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद पदमिनी हरदेल के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम पंचायत धवलपुरडीह में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत महिला स्व सहायता समूह की महिलाए एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, शपथ, मतदाता स्टिकर्स का चस्पा करना, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों का पीले चावल का तिलक लगाकर सम्मान करके मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर मतदान की तिथि से अवगत करवाना आदि कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। उक्त कार्यक्रम में बिहान शाखा से राकेश कुमार साहू, आकांक्षी ब्लॉक फेलो सुश्री प्रकृति गौतम, यूनिसेफ से सुश्री चित्रा साहू, एनआरएलएम से पंकज कुटारे, दुर्गेश प्रसाद साहू, ग्राम पंचायत सचिव दिलीप खरे, स्व सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पीआरपी, कैडर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

**महासमुंद।** संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती सत्यम जन सेवा समिति के सदस्यों ने सादगी रुप से उनको स्मरण करते हुए मनाईं। समिति के अध्यक्ष नूतन कुर्रे ने बाबा साहब अंबेडकर को महिलाओं के उद्धारकर्ता भगवान बताते हुए कहा कि आजादी के पहले महिलाएं सामाजिक रुप से गुलाम थीं। सम्पत्ति रखने, स्वतंत्र रुप से घुमने फिरने व नौकरी व शिक्षा ग्रहण करने की अधिकार नहीं थी। बाबा साहब ने सभी जाति के महिलाओं की गुलामी मिटाते हुए भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार दिया। जिसके कारण महिलाएं घर की चार दीवारी से बाहर निकल कर देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए हैं। श्याम कुमारी महिलांग ने बाबा साहब के ऋणी होने की बात कही और आर्थिक, शैक्षिणक, सामाजिक रूप से कमजोर महिलाओं को शिक्षा व रोजगार के लिए जागरूक करने की अपील की।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### उद्योग विभाग से हटाए गए शुक्ला

रायपुर। राज्य शासन ने उद्योग विभाग के अपर संचालक प्रवीण शुक्ला को अपर संचालक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के पद पर पदस्थ किया है। उनके स्थान पर आलोक त्रिवेदी को अपर संचालक उद्योग का प्रभार दिया गया है। श्री त्रिवेदी को संयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग में एक ही स्थान पर वर्षों से पदस्थ होने की शिकायत पर प्रवीण शुक्ला को वहां से हटाकर निवेश प्रोत्साहन बोर्ड में पदस्थ किया गया है।

### कम्युनिस्ट पार्टी के हरोडे ने नामांकन दाखिल किया



रायपुर। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) पार्टी के कॉमरेड विश्वजीत हरोडे ने नामांकन दाखिल किया। कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, आज देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसी तमाम समस्याओं से ग्रस्त है। मजदूर और किसान भी परेशान हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वहारा वर्ग की एकमात्र क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) ने पूरे देश में 151 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

### मनमीर हुए पुरस्कृत




रायपुर। रिंगरोड स्थित मॉल में टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया, जहां मनमीर ग्रेवाल को बेस्ट स्माइल एवं बेस्ट मॉडल ऑफ रायपुर का खिताब देकर पुरस्कृत किया गया।

### यूपीएससी में चयनित अनुषा व अभिषेक को कलेक्टर ने घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

रायपुर । कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने अभिषेक डांगे को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2024 में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अभिषेक का यूपीएससी में चयन हुआ है। उन्होंने 452वां रैंक प्राप्त किया है। कलेक्टर ने इस दौरान अभिषेक के माता-पिता को भी पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। कलेक्टर कहा कि अभिषेक की सफलता पर पूरे रायपुर एवं छत्तीसगढ़ को गर्व है। उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने नालंदा लाइब्रेरी में घंटों अध्ययन कर यह लक्ष्य हासिल किया है। कलेक्टर ने अनुषा पिल्ले को भी यूपीएससी में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुषा पिल्ले ने 202वीं रैंक हासिल की है। अनुषा सेवानिवृत्त डीजीपी संजय पिल्ले एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की सुपुत्री हैं।

# शहर की सफाई का बदलेगा सिस्टम, 3 शहरों के लिए यूनीफाइड सिस्टम का प्रस्ताव बनाकर भेजा

## शासन से मंजूरी मिलते ही एजेंसी तय करने होगा ऑनलाइन टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर, मुंबई, दिल्ली, भुवनेश्वर जैसी मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहर की सफाई का यूनीफाइड सिस्टम बनेगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने 3 शहर भिलाई, बिलासपुर और रायपुर को शामिल कर समग्र सफाई का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मंजूरी मिलते ही लोकसभा चुनाव के बाद सफाई कार्य की एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें एक ही एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का काम दिया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी को ही सफाई के संसाधन उपलब्ध कराने होंगे, जिसमें आधुनिक मशीन से लेकर सेफ्टी सिस्टम सारा कुछ एजेंसी को करना होगा।

### बिलासपुर के 30 फीसदी हिस्से में सफल रहा प्रयोग

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में 30 फीसदी हिस्से में इस तरह का प्रयोग वहां के नगर निगम द्वारा किया गया है। इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, शासन स्तर पर यदि इस तरह के प्रस्ताव पर पहल होती है, तो नगर निगम शहर को स्वच्छ रखने यूनीफाइड फार्मूले को 3 शहरों में लागू करने तैयार है। उन्होंने बताया, इंदौर, भुवनेश्वर सहित अन्य मेट्रो सिटी में बाहर की बड़ी एजेंसी से शहर की सफाई कराने में बेहतर परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में रायपुर शहर के 70 वार्डो में सफाई का नया सिस्टम लाना चाहते हैं। इससे नगर निगम को दो तरह के फायदे होंगे। पहला ये कि सफाई कर्मचारियों की स्पॉट पर गिनती की झंझट नहीं रहेगी और न ही निष्ठा एप की जरूरत पड़ेगी।




### सफाई बिल में अनियमितता पर लगेगा ब्रेक

सूत्रो के मुताबिक शहर के 70 वार्डों में सफाई के लिए वार्डवार ठेका पद्धति में सफाई बिल को लेकर गड़बड़ी, निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आये दिन बनी रहती है। औचक निरीक्षण में भी इस तरह की खामियां सामने आती रही हैं। ऐसे में अनुबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प निगम के पास नहीं रहता। यदि सफाई का कार्य केन्द्रीयकृत कर एजेंसी तय की जाये, तो इसकी मानिटरिंग आसान रहेगी। बाहर की बड़ी एजेंसी सफाई कार्य में आने से निगम को सफाई कार्य में संसाधन कम लगेंगे।

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में ठेके पर चल रही सफाई व्यवस्था में अब जोनवार सफाई ठेका की जगह बाहर की एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का ठेका देने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, हमने 3 शहरों में सफाई का यूनीफाइड सिस्टम लाने प्रस्ताव बनाकर शासन के पास भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इसके नये सिरे से सफाई का ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें अनुबंधित एजेंसी को 70 वार्ड में सफाई कार्य के लिए जिम्मेदारी दी जायेगी। भिलाई, बिलासपुर और रायपुर इन 3 शहरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे की अनुमानित मात्रा को ध्यान में रखकर समग्र प्रस्ताव बनाया गया है, ताकि बड़ी एजेंसी आधुनिक संसाधनों के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बना सके।

## एमआई हेलीकाप्टर से पहुंचाए गए 56 मतदान केंद्रों के 336 कर्मी

# बस्तर के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले ही मतदान दल कैंप में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दलों को मतदान के तीन दिन पूर्व रवाना कर मतदान केंद्र के समीप बनाए गए कैंप में सुरक्षित पहुंचाया गया। बस्तर लोकसभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्थित बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के 56 मतदान केंद्रों में 336 मतदान कर्मियों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाया गया।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। नक्सल क्षेत्र में मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से कैंप तक पहुंचाया गया। कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर के कुछ क्षेत्रों में तीन दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। वहीं बुधवार को करीब 100 मतदान दलों को भेजा जाएगा। इनमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कोंटा, नारायणपुर के मतदान केंद्रों के लिए 583 कर्मी शामिल हैं। सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के मतदान केंद्र 196 के मतदाताओं को 18 किमी. पैदल चलकर मतदान केंद्र मुर्लिगुदा में मतदान करना होगा। यहां नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग लगाए जाने के कारण वाहनों का इंतजाम नहीं किया जा सकता। नक्सली भी नहीं चाहते कि ग्रामीण यहां मतदान करने पहुंचें। ऐसे में सुरक्षा बलों के इंतजाम से ग्रामीण यहां पैदल ही मतदान करने पहुंचने का प्रयास करेंगे।



### बस्तर लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था

बस्तर संभाग के सभी 12 जिले नक्सल प्रभावित जिले माने जाते हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखने के लिए पूरे क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

### बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान

बस्तर लोकसभा सीट पर कांग्रेस से छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और भाजपा से महेश कश्यप आमने सामने हैं। महेश कश्यप की आदिवासियों के बीच अच्छी पैठ मानी जाती है। कांग्रेस के कवासी लखमा की नक्सल क्षेत्र में आदिवासियों के बीच अच्छी पकड़ है।

### 50 हजार कर्मी कराएंगे मतदान

उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए 1961 बूथ बनाए गए हैं। अतिसंवेदनशील क्षेत्र के 250 से ज़्यादा मतदान केंद्रों को शिफ़्ट किया गया है। मतदान के लिए मंगलवार से मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। तीन दिन पहले मतदान कर्मियों को रवाना करने का प्रावधान किया गया है। सुरक्षा कर्मी से लेकर मतदान कर्मी या फिर अन्य कर्मचारी मिलाकर लगभग 50,000 कर्मचारी यहां मतदान कराएंगे।

### *वेबकास्टिंग के जरिए होगी निगरानी*

*बस्तर लोकसभा के 250 मतदान केंद्रों को चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। बस्तर के 6 जिलों के 156 मतदान केंद्रों तक 1009 मतदान दलों को पहुंचाने चुनाव आयोग ने एमआई हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग के लिए 44 हेलीपेड बनाए गए हैं। मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। मतदान के एक दिन बाद ये दल लौटेंगे। इनकी निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाएंगे। वेबकास्टिंग के जरिए भी इन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएगी।*

### *दो एयर एंबुलेंस की व्यवस्था*

*अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में आपात स्थिति में मतदान कर्मी या जवानों को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने दो एयर एंबुलेंस तैयार रहेंगे। इनमें एक हेलीकॉप्टर और एक चार्टर प्लेन शामिल है। दोनों जगदलपुर पहुंच चुके हैं, 21 अप्रैल तक यहीं रहेंगे। हादसे में जख्मी मतदान कर्मी या जवानों को रायपुर से बाहर मेट्रो सिटी में शिफ्ट करना पड़ा, तो उसके लिए एयर एंबुलेंस के रूप में एयरफोर्स का चार्टर प्लेन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा।*

# विकास मरकाम बोले- 150 सीटें कांग्रेस को नहीं मिली तो क्या राहुल राजनीति से संन्यास लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, वे अपनी पार्टी की चिंता करें तो बेहतर होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दहाई के आंकड़े को छू पाएगी। हम चुनौती देते हैं भाजपा को 150 सीटें मिलने की बात करने वाले दीपक बैज पहले यह बताएं क्या कांग्रेस पार्टी 150 सीटें जीत पाएगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो क्या राहुल गांधी राजनीति से संन्यास लेकर इटली चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पूरी ग्यारह सीटें नहीं जीत पाई, तो क्या दीपक बैज राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा चुनाव के समय में भी कांग्रेस ने बड़ी बड़ी बातें की थीं, क्या हुआ? छत्तीसगढ़ की सत्ता से जनता ने उखाड़ फेंक दिया।

## कांग्रेस और भूपेश को जनता ने नकारा, पूर्व मुख्यमंत्री का अब अपने भी छोड़ रहे साथ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद जहां कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, वहीं भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों के मन से भी उतर गए हैं। उनकी भाभी सीमा बघेल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का



झूठ सबके सामने आ गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश सरकार के धत्कर्मों और भ्रष्टाचार ने प्रदेशवासियों के मन में गहरा आघात किया है। झूठ-फरेब की राजनीति और वादाखिलाफी के साथ-साथ भ्रष्टाचार व घोटालों के सरताज भूपेश बघेल की सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता ने 75 पार का नारा देने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने 35 सीटों पर ला पटका।

# चौधरी बोले- भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को प्रगति के अवसर देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है और इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने तथा सर्वतोमुखी विकास के पर्याप्त अवसर मिले हैं। श्री चौधरी ने कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहां निवेश की नई संभावनाएं आकार लेती हैं, उद्योग-कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। श्री चौधरी ने कहा, भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है।



## शिवरतन बोले- प्रियंका को माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, कांकेर के चुनावी दौरे पर आने वाली प्रियंका वाड्रा गांधी को इस बार कम से कम माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए, क्योंकि विदेशों में शिक्षा-दीक्षा लेने और अधिकतर समय वहां बिताने के कारण गांधी परिवार के राहुल गांधी आज तक भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को नहीं समझ पाए हैं, जबकि उनकी उम्र 50 साल से अधिक हो गई है। श्री शर्मा ने कहा, अभी पिछले दिनों राहुल गांधी ने बस्तर में आयोजित कांग्रेस की सभा में दंतेश्वरी माता के बदले जय दंतेश्वर माया कह डाला था। इससे एक बार फिर साबित हो गया है कि कांग्रेस की चाल और चरित्र दोनों हिंदू और सनातनी नहीं हैं। उन्हें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं के नाम का सही उच्चारण करने भी नहीं आता है। माता दंतेश्वरी के नाम का सही उच्चारण नहीं करके राहुल गांधी हंसी के पात्र बने ही, साथ ही उन्होंने बस्तरवासियों का अपमान कर डाला। उनके इस उच्चारण से जनता समझ चुकी है कि पूरा गांधी परिवार सनातनी नहीं है, क्योंकि ये वही गांधी परिवार है, जिन्होंने श्री राम मंदिर के न्योते को ठुकराया था। श्री शर्मा ने कहा कि कम से कम प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल के गलत उच्चारण की भूल सुधार कर लेंगी, लेकिन इसमें भी संशय है।



# विकास ने चलाया घर-घर संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने पश्चिम विधानसभा के भगत सिंह ब्लॉक का दौरा किया। माधव राव सप्रे वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, संत रवि दास वार्ड, में जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर जाकर प्रचार किया। रायपुरा सरोना दीनदयाल के बाजारों में जाकर लोगों से वोट अपील की। बस्तियों में पैदल-पैदल घूम कर कांग्रेस के लिए वोट मांगा। कांग्रेस की गारंटियों और भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण बढ़ती महंगाई से भी आम जनता को रूबरू कराया। वार्डों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर घर-घर कांग्रेस की गारंटियों को पहुंचाने का आग्रह किया। आम जनता से चर्चा के दौरान लोगों ने कहा, लोकसभा चुनाव में पहली बार हमने देखा कि घर-घर जाकर हर महिला, बुजुर्ग, युवाओं से मुलाकात कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। क्षेत्र में पूर्व में किए गए विकास कार्य, सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जनसंपर्क के माध्यम से रायपुर लोकसभा के 23 लाख लोगों से प्रत्यक्ष रूप से मिलने का लक्ष्य है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पार्षद वीरेंद्र देवांगन, रवि थॉमस, करण शर्मा, शरद अग्रवाल, गौरी शंकर दुबे, मन्नू बाजपेई, बबीता नत्थानी, संगीता दुबे, सोहन शर्मा, प्रगति वाजपेयी, आरती उपाध्याय, डेमेन्द्र यदु, राजेश स्वामी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### महालक्ष्मी योजना से डर गई भाजपा, फैला रही भ्रम

रायपुर। कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नारी न्याय के फार्म के बारे में महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इस फार्म के कारण भाजपा डर गयी है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिये किये जाने वाला वादा है।

# गंगरेल डेम से शहर को 250 क्यूसेक पानी, पेयजल की नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एनीकट से 2 इंच ऊपर बह रहा पानी

गंगरेल डेम से रायपुर शहर को 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह मात्रा 200 क्यूसेक तक रहती है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर की पेयजल जरूरत के हिसाब से 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति पर्याप्त है। यही नहीं, भाठागांव स्थित एनीकट में 2 इंच ऊपर तक पानी का बहाव बना हुआ है। इसीलिये शहर की पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत नहीं आयेगी।

नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में 14 लाख आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा गंगरेल डेम से शहर को वर्तमान में 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर की नई पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से इससे शहर के पेयजल की आपूर्ति हो रही है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया, गंगरेल डेम में शहर के लिये 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया है। 2030 में इस अनुबंध को आवश्यकता अनुसार 15 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। शहर के विस्तार और भविष्य में पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शासन को पत्र लिखा है कि गंगरेल डेम से शहर के रिजर्व रॉ वाटर की मात्रा बढ़ाकर 4 टीएमसी की जाये।

### 4 नई पानी टंकियों से बढ़ी पानी की डिमांड

राजधानी में 4 नई पानी टंकियों से पेयजल आपूर्ति से इन टंकियों से पानी की डिमांड बढ़ गई है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा की नई पानी टंकी से आउटर के वार्डों में पानी आपूर्ति की जा रही है। गर्मी से पहले इस पानी टंकी को 5 मीटर तक भरा जा रहा था, पर अब इसे 6 मीटर क्षमता तक भरा जा रहा है। भारतमाता चौक रामनगर की नई टंकी सामान्य दिनों में रोजाना 5 मीटर भरी जाती थी, गर्मी शुरू होने पर 6.5 मीटर पानी औसतन भरा जा रहा है। इसी तरह नगर निगम जोन 1 क्षेत्र की भनपुरी की नई पानी टंकी शुरू होने से इससे लगे 3 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। संत रविदास वार्ड के सरोना स्थित पानी टंकी को पर्याप्त क्षमता के साथ जल विभाग ने भरने का काम शुरू कर दिया है।

# जोन के इंजनों में लगा 'कवच' सिस्टम, ट्रायल में 130 की रफ्तार पर रेड सिग्नल में रुका इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने रेलवे देशभर में इंजनों पर कवच प्रणाली स्थापित कर रहा है। इस कार्य के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी सराहना की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अन्य रेलवे जोन की तुलना में कवच प्रणाली को लागू करने में पीछे चल रहा है। सफल परीक्षण के बाद भी पटरियों और इंजन से आधुनिक सिस्टम जुड़ नहीं पाया है। सीपीआरओ विकास कश्यप ने बताया कि इंजनों में कवच लगने का कार्य जारी है। स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण सफल रहा। यह परीक्षण हाई स्पीड ट्रेन पर किया गया, जिसमें लगभग 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहा इंजन रेड सिग्नल पर अपने आप ब्रेक लगाकर रुक गया। इंजन ड्राइवर को कहा गया था कि वह रेड सिग्नल पर ब्रेक ना लगाए। हम यह देखना चाहते थे कि क्या कवच सिस्टम रेड सिग्नल देखकर अपने आप ब्रेक लगाता है या नहीं? कवच सिस्टम को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन ने विकसित किया है। आपातकालीन स्थिति में अगर ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता है, तो कवच सिस्टम स्वचालित तरीके से खुद ट्रेन को ब्रेक लगाकर रोक सकता है।



### 2023 तक पूरा करना था काम

नियमानुसार रेलवे को 2023 तक जोन की पटरियों में यह कवच सिस्टम लगा देना था, लेकिन टेंडर में विलंब होने से अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। दपूमरे जोन के यात्रियों की किस्मत काफी अच्छी है, इसलिए दो साल में 8 बार यात्री ट्रेनों के पहिए पटरी से उतर गए, लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हर बार रेलवे ने तकनीकी कारण बताकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पिछले साल शिवनाथ एक्सप्रेस की एक बोगी नागपुर जाने वाली लाइन पर पटरी से उतरी गई थी। 8 महीने पहले इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस के बफर अलग होने की घटना सामने आई थी।

## खबर संक्षेप

### अवैध महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने ग्राम परेवापाली से परमेश्वर नाग पिता सारथी नाग 49 साल को दुकान के पास 2500 एमएल महुआ शराब कीमती 500 रुपए की अवैध बिक्री करते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### डूबने से सात साल के बच्चे की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना के ग्राम मेमरा में सात साल के बच्चे का तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विकास रात्रे पिता मनोज रात्रे 7 साल मंगलवार की सुबह तालाब में नहाने के लिए गया था, जिसके गहराई में जाने के कारण डूब गया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महाअष्टमी पर भक्तों ने दी हवन कुंड में आहुति

**सरायपाली।** चैत्र नवरात्रि पर्व के महाअष्टमी के अवसर पर घंटेश्वर मंदिर में प्रातः से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। नगर सहित सभी देवी मंदिरों में हवन मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कई स्थानों पर कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिर एवं ज्योत स्थापित करने वाले समितियों द्वारा दोपहर से ही हवन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। महाअष्टमी पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। घंटेश्वरी मंदिर के पंडित मोति महाराज द्वारा मंदिर समिति के सदस्यों व भक्तों के साथ विधि विधान से हवन सम्पन्न किया गया। इस बार हवन पूजन में बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तों के अलावा आस पास से आए हुए श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### मंदिरों में विधायक ने की माता के नौ रूपों की पूजा

**बसना।** विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस नगर के मां सम्लेश्वरी मंदिर, माता दरबार, श्रीराम जानकी मंदिर एवं ग्राम भतकुंदा स्थित मां बनदुर्गा मंदिर में मातारानी की नौ रूपों की एवं मुख्य चौक में विराजमान आदि योगी शिव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। रामनवमी के पूर्व संध्या उन्होंने ग्राम ढाबाखार पहुंचकर पंचमुखी हनुमान की दर्शन पूजन कर सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान नगर के युवाओं व मंदिर समिति समिति के पदाधिकारियों ने फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, भाजपा ने मनोज अग्रवाल, जनपद सदस्य श्वेता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### शहर में धूमधाम से मनाया गया रामनवमीं का पर्व

**बसना।** नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को रामनवमी पर पूरा शहर श्रद्धा से सराबोर रहा। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे के आयोजन किए गए। इसमें प्रसाद पाने को भीड़ रही। गायत्री मंदिर बसना में डॉक्टर गजानन अग्रवाल द्वारा अपने बेटे के जन्मोत्सव के उपलक्ष में शरबत वितरण भी किया गया। शहर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घरों व मंदिरों में आयोजित हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। नवरात्र के अंतिम दिन कन्याभोज कराया गया। लोगों ने पुण्य कमाने के लिए भंडारों का आयोजन किया। शहर के मुख्य मार्ग पर ही कई स्थानों पर किए गए भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आर्यसमाज मंदिर में रामनवमी महोत्सव मनाया गया। हरिओम शास्त्री व गायत्री मंत्र ने यज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाईं। डां. गजानन अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम ने वेदों के अनुसार जीवन जीकर आदर्श स्थापित किया। इस दौरान हुए भजन-कीर्तन में भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। दर्जनों स्थानों पर भंडारे आयोजित होने से शहर श्रद्धा की फुहार से सराबोर रहा।

---

**पर्व : मैनपुर हुआ भगवामय, जगह-जगह हुआ प्रसादी वितरण**

# श्रीराम भक्तों ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव राम नवमी पर्व बुधवार को मैनपुर नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रथ में सवार भगवान राम की प्रतिमा की एक झलक पाने हजारों लोग उमड़ पड़े। जिस-जिस मार्ग से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा गुजरी महिलाएं आरती सजाये भगवान का दर्शन व पूजा अर्चना करने उमड़ पड़ी। पूरा नगर व क्षेत्र भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

- श्रीराम के जयकारो से गूंजा समूचा नगर
- आतिशबाजी के साथ हुआ यात्रा का स्वागत

#### पखवाड़े भर से चल रही थी तैयारी

श्री रामसेना हिन्दू संगठन द्वारा पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर नगर में रामनवमी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाने जोरशोर से तैयारी की जा रही थी। पूरे नगर व आसपास के ग्रामों को भगवा ध्वज तोरण, पताकों से सजाया गया था। सुबह 9 बजे श्री रामजानकी मंदिर हरदीभाठा में विशेष पूजा-अर्चना किया गया। कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये और शाम 06:30 बजे हरदीभाठा रामजानकी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ में भगवान श्रीराम की प्रतिमा को विराजित किया गया।

#### एक झलक पाने आतुर रहे श्रद्धालु

भगवान श्रीराम की शोभायात्र हरदीभाठा से प्रारंभ होकर मैनपुर नगर का भ्रमण की। इस दौरान भगवान श्रीराम की एक झलक पाने, पूजा-अर्चना करने महिलाएं आतुर दिखी। लोगों ने शोभायात्रा व श्रीराम का स्वागत करने अपने-घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर हाथों में आरती की थाली लिए खड़ी दिखी। शोभायात्रा का शहर के कई चौक-चौराहों में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

#### जमकर झूमे युवक

भगवान श्री राम की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। रथ के सामने डीजे और ढोल के भक्तिमय धुन में युवागण जमकर थिरकते रहे और जय-जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाते रहे। जगह-जगह आतिशबाजी कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं नगर के कई स्थानों पर शरबत, ठंडे पानी व महाभंडारा प्रसादी से भी स्वागत किया गया। युवा हाथों मे बड़े-बड़े भगवा ध्वज लहरा रहे थे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीरामसेना अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, दिनेश सचदेव, मुकेश सिन्हा,केशव बंछोर, प्रवीण शिन्दे, उमंग ठाकुर, शेखर पटेल, गजेन्द्र यादव,दिग्विजय कुमार, गुलशन साहू,रोमेश बंछोर, गौरव बाम्बोंड़े, माही वासनीक, जगदीश नागेश, लखन साहू, योगेश शर्मा, नदंकिशोर चौबे, सुनील बाम्बोडे, अमन बाम्बोडे, युगदास वैष्णव, शेखर पटेल, तिजेश्वर सोनवानी, मनोज निर्मलकर, सुनील साहू, दुष्यंत पटेल, नंदकिशोर पटेल, लिबास पटेल सहित हजारों लोग उपस्थित थे।



#### महाभंडारा में हजारों लोगों को किया प्रसादी वितरण

मैनपुर के हृदय स्थल दुर्गा मंच चौक में युवा मंच मैनपुर द्वारा रामनवमी पर्व के अवसर पर महा भंडारा का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने महा भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भगवान श्री राम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई तथा शोभा यात्रा की फूलों की बारिश कर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोविन्द पटेल, आशीष गुप्ता, चिरंजीवी साहू, जागेश्वर पटेल, रजनीश रामटेके, उत्तम पटेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव व अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## भेण्डरी के नवनिर्मित मंदिर में हुआ श्रीराम प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर भेण्डरी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर समूचे गांव के लोग मौजूद थे। पूरा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर जय श्री राम, जय जय श्री राम के जयकारे से वातावरण सराबोर था। मंदिर में भगवान श्रीराम के साथ माता सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कियया गया है। प्राण प्रतिष्ठा और अनुष्ठान तीन ब्राम्हण पंडित राकेश शुक्ला, पंडित राममिलन पांडेय एवं पंडित रत्नेश पांडेय के मंत्रोच्चार के बीच किया गया। इसके पूर्व गांव में कलशयात्रा निकाली गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन कार्यक्रम हुआ और महाआरती में पूरे ग्रामवासी शामिल हुए। प्रसादी वितरण भोजन भंडारे का कार्यक्रम शहीद बलराम सिंह धुव्र के अनुज प्रहलाद धुव्र द्वारा रखा गया था।

- रामनवमीं के पावन अवसर पर पूजा में उमड़े ग्रामीण







जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा में बोधसागर साहू, सरपंच प्रीतराम देवांगन, विजेन्द्र बहादुर नन्वरे, राजेन्द्र राव, जगदीश सिन्हा,नंद साहू, खुमान पटेल,डा चुम्मन साहू,टीकू साहू, आनंद पटेल, संदीप राव, राजेश राव, रामू, ज्ञानचंद साहू, आनंद पटेल, राधेश्याम साहू, यादराम साहू, रामेश्वर सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत फूड फेस्टिवल का आयोजन कल से

**महासमुंद।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। ताकि मतदाताओं को शत प्रतिशत एवं अनिवार्य मतदान के संबंध में जागरूक किया जा सके। स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिन तक फूड फेस्टिवल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल कार्नर, किड्स जोन और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसका परिवार सहित आनंद उठा सकते हैं। फूड फेस्टिवल 19, 20, 21 अप्रैल को संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि फूड फेस्टिवल में आकर अवश्य देशी और विभिन्न तरह के व्यंजनों के साथ गीत और संगीत का आनंद उठाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

## जानकी कुण्ड पर होगा राममंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जानकी कुण्ड के तट पर भगवान रामलला का भव्य मंदिर निर्माण सार्वजनिक सहयोग से कियया जाएगा। इसके लिए रामनवमी के अवसर पर संकल्प व भूमिपूजन किया गया। दो साल पहले से देवभोग नगर में भव्य राम मंदिर निर्माण की रूप रेखा तय किया गया था जो अब धीरे-धीरे साकार होते दिख रहा है। बुधवार को कोष्टामुड़ा तालाब जिसे जानकी कुण्ड का नाम दिया गया और इसी तट पर राम लला मंदिर की आधार शिला रखी गई है। राम मन्दिर निर्माण समिति के प्रमुख सदस्य तस्मित पात्र, सुभाष दौरा, राकेश अग्रवाल, मनोज रघुवंशी, रमाकांत बेहेरा, बजरंग साहू, प्रसन्न तायल, शोभाचंद्र पात्र, अमित अवस्थी, जय विलास शर्मा, अनिल सिन्हा, गौरी कश्यप, गणेश सोनी, तेज राज ठाकुर समेत समस्त सक्रिय सदस्यों ने सुबह से इसकी तैयारी की थी। दोपहर शुभ मुहूर्त में पंडित भोला प्रसाद द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार से भूमिपूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान ग्राम के झाखर, पुजारी विशेष रूप से पधारे थे जिन्होंने ग्रामीण परंपरा का रस्म निभाया। आयोजन समिति ने भूमि आबंटन में सहयोग के लिए ग्राम सरपंच रेवती घनश्याम प्रधान का भी आभार जताया।

- मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न





#### दो साल में होगा निर्माण पूरा

आधारशिला रखने के बाद निर्माण पूरा करने का लक्ष्य दो वर्ष रखा गया है। इन दो वर्षो में भव्य मंदिर के साथ ही सभा स्थल, बैठक चबूतरा, गार्डन, जानकी कुण्ड का सौंदर्यकरण, कुंड के दोनों दिशा में मंदिर प्रवेश हेतु मार्ग, निर्माण की योजना बनाई गई है। मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि का एलान दो साल से पहले पंडित योगिराज पांडेय द्वारा आयोजित भागवत कथा स्थल से शुरू हो गया था। जिसमे भगवताचार्य पांडे, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी समेत कई नामचीन श्रद्धालुओ ने राशि का ऐलान कर दिया है। निर्माण लागत का बजट 1 करोड़ से ज्यादा है, ऐसे में जागृति महिला मंडल द्वारा भी साप्ताहिक सुंदर काण्ड का पाठ कर धन दो साल से धन संग्रहण किया जा रहा है। निर्माण समिति ने सभी सनातनियों से रामलला के मंदिर निर्माण में सहयोग की अपील किया है।

---

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए दे रहे हल्दी पीला चावलयुक्त न्योता पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं सीईओ तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में स्वीप कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान की कड़ी में जिला स्वीप आइकॉन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही कम मतदान बूथों में एक नवाचारी कार्यक्रम हल्दी पीला चावलयुक्त नेवता पत्र लेकर पहुंच रहे हैं। वार्ड नंबर 2 शांतिनगर पहुंचकर लोगों को नेवता पत्र दिया तथा कहा कि ये मतदान का न्योता है। पहली बार इस तरह मतदान के लिए हल्दी पीला चावल न्योता पाकर महिलाएं अत्यंत ही प्रसन्न हुई। उन्होंने मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए। पश्चात मुख्य अगर पालिका अधिकारी बर्मन द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। बीएलओ कुमारी साहू एवम सहायिका का पूर्ण सहयोग रहा।



## प्याऊ सेवा केन्द्र का शुभारंभ, भंडारा भी लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रामनवमी पर्व पर राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशानिर्देश में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला प्रशिक्षण केन्द्र महासमुंद के सामने प्याऊ सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। साथ ही आम भंडारा का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर दाऊलाल चन्द्राकर जिला अध्यक्ष, येतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त, जय पवार जिला उपाध्यक्ष जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ, कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ, जगदीश लाल साहू व्याख्याता, शिव कुमार चन्द्राकर, भूमिका लूनिया पूर्व राज्यपाल गाइड, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, रामकुमार साहू जिला सचिव एवं लता वैष्णव स्थानीय संघ सचिव मौजूद रहे। विदित हो कि ग्रीष्मकालीन समय में ग्रामीणजन एवं राहगीर बड़े तादाद में प्रतिदिन शहर में आकर स्वच्छ जल के लिए तरस जाते हैं,इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला एवं नगर स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद विगत कई वर्षों से वरिष्ठ स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत दो माह प्याऊ सेवा केन्द्र चला कर सेवा करते हैं। इस अवसर पर हिरेन्द्र कुमार साहू, मुरलीधर पटेल, नितिन श्रीवास्तव स्काउट मास्टर की उपस्थिति में भूपेन्द्र साहू, प्रेम पटेल, लुकेश कुमार नामदेव, भूपेन्द्र कुमार साहू, हर्ष सोनकर रोवर्स एवं उर्मिला ध्रुव, हेलन ध्रुव, देवकी वर्मा, आशा साहू, नीरा साहू, लता, ललिता, नंदिनी वर्मा रेंजर्स उपस्थित रहकर राहगीरों को पूड़ी सब्जी परोसकर व स्वच्छ शीतल जल पिला कर सेवा कार्य किए। सभी लोगों ने इस रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स के प्याऊ सेवा केन्द्र की व सेवा कार्य को अनुकरणीय व सराहनीय कदम बताया। विदित हो कि जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023-24 में उक्त सेवा सम्मिलित हैं। यह जानकारी रामकुमार साहू जिला सचिव व तुलेन्द्र सागर जिला सहसचिव ने संयुक्त रूप से दी है।




---

## रामनवमी पर हुआ तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

रामनवमी के अवसर पर गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में नवरात्र नवमी को लेकर 3 कुंडीय यज्ञ के साथ पूर्णाहूति दी गई। वहीं पर भगवान श्रीराम की रामनवमी पर्व मनाया गया।

3 कुंडीय यज्ञ में आचार्य परमानंद के मंत्रोच्चार से यज्ञ हवन संपन्न हुआ। गायत्री परिवार के वरिष्ट एचएल साहू ने कहा कि भगवान राम के जन्मदिवस की सभी को बधाई दी। श्री साहू ने कहा कि पूज्य गुरूदेव एवं माता का संदेश रहा है कि मनुष्य के अंदर का रावण मर जाय तो वही राम का स्वरूप होता है। अर्थात हम अपने आचरण मे समस्त प्रकार के गुणों में वृद्ध करें और काम, क्रोध, मद, लोभ जैसे रावण को बाहर निकाल दे तो हम भगवान राम की भक्ति प्राप्त कर सकते हैं। भगवान श्रीराम के जीवन को आत्मसात करने पर ही हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था के संचालन के लिए दानी व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया एवं नागरिकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों के लिए भोग भंडारा की व्यवस्था रोशन देवांगन परिवार की ओर से किया गया।





#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम मे संस्था के वरिष्ट संचालक एच एल साहू,युग पुरोहित परमानंद यदु,नंदकुमार यादव,रामूराम साहू,यदुनंदन श्रीवास,ललित डड़सेना, अशोक साहू,शिक्षक अशोक साहू,ओमप्रकाश बंछोर,जितेन्द्र सिंह ठाकुर,चेतन साहू,अमर सिंह धुरव, डी एस मरकाम,कमला दलवानी,शांता साहू,ज्योति साहू, आशा पोद्दार,लता सोनी,हेमंत साहू,श्री कंवर,विद्याभूशण साहू, अर्जुन सिन्हा सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं कार्यक्रम में शामिल थीं।

## रामनवमी पर लड्डू बूंदी प्रसादी का किया वितरण

**सरायपाली।** वन विभाग के सामने स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में रामनवमी पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। उपरांत महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। इस अवसर पर लड्डू बूंदी प्रसादी का वितरण किया गया। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि भगवान विष्णु ने सातवें अवतार में भगवान राम के रूप में तेरतायुग में जन्म लिया था। भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने एवं पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर नए धर्म स्थापना के लिए हुआ था। इसलिए भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी आरंग जिला-रायपुर छ.ग.**

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ता शपथकर्ती सविता बाई साहू, आयु-43 वर्ष लगभग पति महेशू साहू ता-रामानंद साहू जाति-तेली निवासी ग्राम-कुम्हारी पोस्ट-गौरभाट थाना व तहसील-आरंग जिला-रायपुर छ.ग. का/की हूँ, जो कि सत्यनिष्ठा से निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता करती हूँ

1.यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2405 7991 6348 एवं बैंक खाता क्रमांक 39550100049001 में मेरा नाम सविता बाई साहू दर्ज है।

3.यह कि मेरी मां रामकुंवर के बैंक खाता क्रमांक 39558100041947 में नामिनी के रूप में मेरा सावित्री बाई दर्ज है।

4. यह कि कण्डिका क्रमांक 02 व 03 में उल्लेखित दोनों नाम मेरे स्वयं का ही अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है तथा मुझे दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।

अतः यह शपथपत्र 02 व 03 में उल्लेखित दोनों नाम मेरे स्वयं का ही अर्थात एक व्यक्ति का नाम होने के समर्थन में माननीय महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

सविताबाई
शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त नामांकित शपथकर्ता शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से यह सत्यापित करता/करती इस शपथपत्र की कण्डिका 01 से 04 दी गई सम्पूर्ण जानकारी ,मेरी जानकारी, ज्ञान एवं विश्वास के साथ पूर्णतः सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 05/04/2024 को आरंग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता करती हूँ।

सविता बाई
शपथ कर्ती




**कोपरा।** क्षेत्र में चैत नवरात्र पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। देवी भक्तों ने नौवे दिन श्रद्धा-भक्ति के साथ जोत-जंवारा का विसर्जन किया। लोहरसी में माता रानी के नाम से प्रज्वलित जोत-जंवारा के विसर्जन में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए।



**राजिम।** बुधवार को नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर से सुबह 9 बजे जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा निकली। जिसे मौराहा तालाब में विसर्जित किया गया। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



**मैनपुर।** मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा स्थित रामजानकी मंदिर में समस्त हरदीभाठा ग्रामवासियों द्वारा रामनवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। सुबह से देर रात तक मंदिर में भारी भीड़ रही। शाम होते ही हजारों दीपों की रौशनी से मंदिर जगमगा उठा।

## खबर संक्षेप

### ढाबा में हुई मारपीट की निष्पक्ष जांच की मांग

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के नदी मोड़ स्थित केसरिया ढाबा में हुई मारपीट का निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने शराब, गुटखा एवं नशे के व्यापार का दादागिरी के साथ वर्षों से पुलिस प्रशासन की शह पर करते हुए आ रहे माफिया को किसी प्रकार का संरक्षण दिया गया तो ऐसे पुलिस वालों की शिकायत शासन स्तर पर कर उन पर कार्यवाही की मांग की जाएगी। इस प्रकरण में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का नाम शामिल करना किसी बड़े षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। संभावना है कि यह सब विजय शर्मा के प्रतिद्वंदी एवं अपने आका मोहम्मद अकबर के इशारे पर गृह मंत्री का नाम ले रहे हैं। विगत कई वर्षों से पुलिस प्रशासन की राह पर क्षेत्र में नशे का व्यापार धड़ल्ले से इस माफिया द्वारा चलाया जाता रहा है। जिसका एक बड़ा हिस्सा पुलिस प्रशासन के पास पहुंचता है। अभी भी ऐसे लोग यही पदस्थ हैं, जो नशे के व्यापार को संरक्षण देते हैं। इसका विरोध करने वालों को माफिया के इशारे पर प्रताड़ित करते हैं। माफिया के साथ उनकी पार्टी लगातार जारी रहती है, जहां पर सभी प्रकार की व्यवस्था रहती है। डॉ. चोपड़ा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज निकालकर कार्यवाही की जाए।

### तुषार-खिलेश ने किया गोपनाथ विद्यालय को गौरवान्वित

**सरायपाली।** गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली में अध्ययनरत छात्र तुषार पटेल ने विगत दिनों घोषित नवोदय चयन परीक्षा (2024) में पूरे महासमुंद जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर माता-पिता, गुरुओं तथा विद्यालय सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। छात्र तुषार पटेल ग्राम झारबंद निवासी राधेश्याम पटेल माता ज्योतिकिरण पटेल के सुपुत्र हैं। इसी प्रकार 2023 की परीक्षा में भी खिलेश नायक पिता छबीलाल नायक माता सेतकुमारी ग्राम सिंगबहाल नायक ने नवोदय परीक्षा में चयनित होकर गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली को गौरवान्वित किया था। तुषार पटेल के चयन पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी, विद्यालय के नए संचालक जन्मजय नायक, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित संचालन समिति के सहयोगियों में शेषाचार्य महाराज, राजेश पटेल, देवेन्द्र पटेल, मयंक पाणिग्राही, गुड्डु जायसवाल, विकास महापात्र, कौशल पटेल, महेन्द्र पसायत, नरेंद्र मांझी, विवेक शर्मा, योगेश कुमार साहू, सुनील मेहेर, अर्जुन कुजूर आदि ने हर्ष जताया है।

### बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**महासमुंद।** स्थानीय उच्च प्राथमिक शाला स्टेशनपारा पिटियाझर में 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत वार्षिक परीक्षा की समाप्ति पश्चात शाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्यान भोजन में निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार के रूप में खीर, पुरी, आचार, पापड़, सलाद आदि परोसा गया। उक्त न्योता भोज का आयोजन शाला की शिक्षिका साहीन मुमताज़ एवं दिव्या वर्मा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 8वीं के बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, शाला के प्रधान पाठक सुशील शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीराम यादव, शिक्षाविद रतिराम साहू, प्राथमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक साजिद कुरैशी, नरेन्द यादव, महिला समिति की अध्यक्ष गोमती साहू, पालको में प्रीतम बाघ, पार्थिवो बाघ आदि मौजूद रहे।

### पर्व : शोभायात्रा में जसगीत और श्रीराम के जयकारे गूंजे

# सांग-बाना धारण कर भक्तों ने किया जोत-जंवारा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नौ दिन तक चले चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन बुधवार को जंवारा और ज्योति कलश विसर्जन के साथ हो गया। अलग-अलग सामाजिक व धार्मिक संगठन के श्रद्धालुगण ज्योति कलश और गालों व पूरे शरीर में लोहे का बाना धारण किये शोभायात्रा में शामिल हुए। जय भवानी व मां दुर्गा के जयकारे के साथ भक्तों ने जोत-जंवारा का भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया।

#### श्रद्धालुओं ने सांग-बाना किया धारण

सांगों के प्रदर्शन और जंवारा विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र का समापन हो गया। घरों में कलश स्थापित कर व्रत करने वाले भक्तों ने मंदिरों में देवी पूजा और व्रत पारण किया। अंतिम दिन बुधवार को नौ कन्या भोज भी कराया गया।

देवी मंदिरों में दर्शनों करने भक्तों की भीड़ रही। अष्टमी और नवमी को सांगों का प्रदर्शन हुआ। लोहे की भारी-भरकम सांग गाल में नाथकर भक्त देवी दरबार में थिरकते रहे। शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, काली देवी मंदिरों में मेला सा नजारा रहा। बुधवार को देवी मंदिरों में जंवारा विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

#### जसगीतों माहौल हुआ भक्तिमय

सेवा पार्टी के द्वारा सेवा गीत गाते हुए गांवों से भी टोलियां मंदिर पहुंचती रहीं। शीतला मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तों का तांता रहा।

नौ दिन व्रत रखने वाले भक्तों ने रविवार को सुबह पारण किया। चैत्र नवरात्रि में शक्ति की उपासना पूर्ण होने पर घरों व मंदिरों से जवारा शोभायात्राएं निकलीं। इस दौरान नगर में जंवारा विसर्जन करने शोभायात्रा निकाला गया। महिलाएं व पुरूष ज्योति कलश अपने सिर में धारण किए हुए थे, तो करीब हजारों शक्ति के उपासक अपने गालों व शरीर में लोहे के बाना व सांगों को धारण किए हुए शोभायात्रा में मुस्कुराते नाचते-गाते चलते रहे।

## मुरमुरा की दुर्गम पहाड़ी में विराजित है मां झरझरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सुदूर वनांचल ग्राम मुरमुरा के दुर्गम पहाड़ी में विराजित मां झरझरा देवी का दर्शन करने पूरे नवरात्रि में श्रद्धालु उमड़ते रहे। इसी क्रम में नवरात्रि के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर ने बुधवार को देवी झरझरा का दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन-भादो माह में कल-कल करते झरना बहती रहती है। संभवतः इसी कारण स्थानीय श्रद्धालु इन्हें देवी झरझरा कहते हैं। ज्ञात हो मां जतमाई और मां घटारानी के बाद तीसरे स्थान पर मां झरझरा की क्षेत्र में ख्याति है। माना जाता है कि ये तीनों बहने हैं। तीनों देवियां जल प्रपात झरना के नीचे खोह में विराजित है। चैत्र और क्वांर नवरात्रि में एक साथ तीनों देवियों का दर्शन करने से शीघ्र मनोकामनाएं पूरी होती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में राज्य भर से भक्त श्रद्धालुओं के 260 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गयी थी। मंदिर के मुख्य पुजारी गैंद राम साहू, गोवर्धनन यादव, जीवन साहू, संरक्षक दीलिप साहू, पुनीत अध्यक्ष चम्मन साहू, उपाध्यक्ष ओंकार साहू, सचिव अनिल साहू, सह सचिव दीपक ध्रुव, सदस्य कन्हैया ध्रुव, शंकर,उमेश, चिरौंजी साहू, नोहर, बिसेराम, केशो राम पूरे नवरात्रि माता की सेवा में लगे हुए थे।

■ नवरात्रि के अंतिम दिन दर्शन करने उमड़ी भीड़

## मानस मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




मानस मंदिर में राम नवमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही मंदिर में भक्तगण श्रीरामजी के दर्शन करने आने लगे। मनमानस प्रचार यज्ञ समिति के द्वारा मंदिर को गुब्बारों व फूलों की लड़ियां से सजाया गया, भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराया गया। पश्चात पुष्पों से व रंगोली के माध्यम से पूरे मंदिर की सजावट की गई। प्रातः10 बजे शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन-कीर्तन हनुमान चालीसा व रामकथा से राम जन्मोत्सव का प्रारंभ हुआ। मधुर भजनों के साथ रामचरितमानस का पाठ किया गया।

मध्यान्ह ठीक 12 बजे राम मंदिर का पट मंत्रोच्चार के साथ मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय द्वारा खोला गया। मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ श्रीराम लला की पूजा-अर्चना की व आरती स्तुति की गई। श्रीराम लला प्राकट्य अवसर पर फटाखे फोड़े गए। शिक्षक मानस परिवार द्वारा सोहर बधैया गाया गया, सुधा शर्मा ने भी भजन की प्रस्तुति दी। उपस्थित महिलाओं व शिवशक्ति महिला मानस मंडली द्वारा नृत्य के साथ उत्सव मनाए पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। राम जन्मोत्सव की अगली कड़ी में म्यूजिक ग्रुप के सदस्यों नेमिचंद यादव, पंकज गुप्ता, विनोद कुमार देवांगन, रुपेश वर्मा, सपना कंसारी ने राम भजन प्रस्तुत किया गया अंतिम कड़ी में संध्या डीजे साउंड के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हीरालाल सारस्वत, कामता प्रसाद तिवारी, बजरंग पांडे, शीतल ध्रुव, बिसेशर दीवान, गोपाल सोनी, उज्जवल जैन, मेषनंदन पांडे, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष शारडा, भोला पांडेय, विनोद देवांगन, ललित कुमार वर्मा, मनहरण लाल पटेल, हीरालाल साहू, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, विमल पुरोहित, घनश्याम सिन्हा, पुखराज ठाकुर, रामकुमार साहू, कैलाश पटेल, कमलेश साहू, उपेन्द्र कुमार पटेल, विक्कू चंद्राकर शैलेन्द्र दीक्षित, महेश सचदेव, मिश्रीलाल सिन्हा, कृष्ण कुमार साहू, भिषेकपांडे, यश सिन्हा, नारायण पटेल, बेदू निर्मलकर, निखिल साहू ,लेख सोनी ,जितेंद्र ध्रुव ,एकलव्य शर्मा, पुरैना आदि एवं आदर्श महिला मंडली, महिला मंडल, गायत्री परिवार मानस यज्ञ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

■ मंदिर में भजन-कीर्तन के साथ हुए विविध आयोज

## रामनवमीं पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब हजारों लोगों ने भंडारा में ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को रामनवमीं पर पूरा शहर श्रद्धा से सराबोर रहा। वहीं सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। जंवारा कलश विसर्जन के साथ ही जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में देवी भक्त प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे।

■ जोत-जंवारा विसर्जन के साथ जगह-जगह प्रसादी वितरण

रामनवमी के पावन पर्व पर जिलेभर में आस्था का सैलाब उमड़ रहा। शहर सहित पूरे जिले के छोटे-बड़े नगर के मंदिरों में श्रीराम नवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान युवा मित्र मंडली समिति के द्वारा महाआरती सहित भंडारा प्रसादी वितरित करने का कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें करीब 1500 से दो हज़ार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। शिव व मां दुर्गा मंदिर में आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं ऋषि मोहरे ने बताया कि विगत 4 वर्षों से मंडली द्वारा प्रसादी बांटा जाता है। इस वर्ष करीब 2 हजार श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में हलवा, पूरी, चावल एवं सब्जी वितरित की गई है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सत्य प्रकाश मानिकपुरी सोहन देवांगन विजय साहू सत्रुघन साहू युवा मित्र मंडली के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, ऋषि मोहरे, सुब्रत पात्र सुमीत पारख, जितेंद्र सेन, आशीष तिवारी, ललित साहू, पीतेश्वर देवांगन भारत दीवान, संजय कश्यप, बाबू भोंसले, सिनु ठाकुर, वैभव ठक्कर, रुपेश खापड़े अवनीश तिवारी, डागेंद्र चौहान, प्रशांत राठौर, आशीष देवंशी, सुनील सिंगोर, क्षितिज गुप्ता, अनुराग केला सूरज सिन्हा, रवी रोहरा, नरेंद्र पांडे, अनूप गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, निरंजन प्रधान, नमन सेन, शालू मोहरे, वर्षा तिवारी, साधना सेन मनीषा गुप्ता, अनीता शांडिल्य, सुखबती नेताम, मालती नागेश, केशरी नेताम, दिनेश्वर निर्मकलर, बंटी गुप्ता, विभा कश्यप सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया।

## रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर में रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्र में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं, महिला भाजपा नेत्रियों सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नगर के सरस्वती शिशु मदिर में संध्या धूमाल पार्टी की धून पर रथ में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्रीराम के जयकारे लगते रहे। धूमाल के धून पर युवाओं ने नृत्य कर भगवान की भक्ति में डूबे नजर आए। कार्यक्रम के आयोजक वैभव थदानी रहे। शोभायात्रा के पीछे-पीछे युवाओं सहित भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, युग पुरोहित परमानंद यादव, अशोक साहू, दीपक पोद्दार, किरणेश सोनी, वैभव सोनी, हेमंत साहू, प्रेमलाल टोडर, विहिप के नेता एवं कार्यकताओं, बजरंगदल के नेताओ, भाजपा महिला नेत्री शीतल राजपूत, संतोषी श्रीवास्तव, शांति कोसरे, अनिता शर्मा, पदमा यदु, हेमा किरण सोनी, उमा तांडेकर, भुनेश्वरी साहू, ज्योति राजपूत, सीमा ठाकुर, गंगाबाई ध्रुव सहित ग्राम देवगांव से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं गांवों से लोग फिंगेश्वर पहुंचे थे। शांति एवं यातायात व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह के निर्देश पर फिंगेश्वर पुलिस बल तैनात रही।

### भाजयुमो कार्य समिति की बैठक में भाजपा को जिताने की अपील


## केन्द्र की योजनाओं ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर: नंदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य श्रीमती नंदनी नेताम एचं महिला मोर्चा मैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कुमारीबाई पटेल के नेतृत्व में भाजपा महिला कार्यकर्ता इन दिनों लगातार भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में गांव-गांव पहुंच कर जनसमर्थन जुटा रहे हैं। बुधवार को ग्राम तुहामेंटा, कोनारी, चिंगरापारा, नवमुडा, मैनपुरकला, पहुंचकर घर-घर जनसम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को विजय बनाने की अपील करते हुए तीसरी बार फिर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती नंदनी नेताम कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को भारी मतों से विजय बनाकर केन्द्र में भाजपा की पुनः सरकार बनाना है। केन्द्र सरकार की योजनाओं में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, नारी शक्ति स्वभिमान के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण उज्जवला गैस, नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वः सहायता समूह को प्रोत्साहन, राज्य सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजना जैसे अनगिनत योजनाए लाई है जिससे मातृ शक्ति आत्मनिर्भर बन सके । इस दौरान भाजपा नेता तुलसी राठौर, महेश कश्यप, पुलस्त शर्मा, मनोज निर्मलकर एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू आज बिन्द्रानवागढ़ में करेंगे प्रचार



**मैनपुर।** छत्तीसगढ सरकार के पूर्व गृहमंत्री एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद पद के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू आज गुरूवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मैनपुर एवं देवभोग विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर जनसम्पर्क करेंगे। उनके साथ बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव भी जनसम्पर्क में शामिल होंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर श्रीमती ललिता यादव ने देते हुए बताया कि पूर्व गृहमंत्री श्री साहू और विधायक श्री ध्रुव आज दोपहर 12 बजे सीनापाली देवभोग, 1 बजे झांखरपारा, 2 बजे उरमाल, 3 बजे अमलीपदर, 4 बजे गोहरापदर, 5 बजे तेतलखुंटी पहुंचकर जनसम्पर्क करेंगे।

